टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
Telecommunications Consultants India Limited
(A Government of India Enterprise)

आई एस/आई एस ओ
IS/ISO 9001-2008

प्रभाग
DIVISION

टी. सी. आई .एल. भवन, ग्रेटर कैलाश-I,
नई दिल्ली-110048

TCIL Bhawan, Greater Kailash - I,
New Delhi-110 048

CIN : U74999DL1978GOI008911

स. टीसीआईएल/रा.भा./1/2022

दिनांक : 01.09.2022

संदेश

हिंदी पखवाड़ा-2022 के सुअवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

14 सितम्बर, 1949 को भारत की संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जानेवाली हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था । तभी से प्रतिवर्ष 14 सितम्बर का दिन 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है और सितम्बर माह के दौरान हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। टीसीआईएल में इस वर्ष दिनांक 01.09.2022 से 15.09.2022 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है।

हिंदी मात्र राजभाषा ही नहीं अपितु सदियों से भारत की पहचान है। इस विशाल और बहुभाषी राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाली भाषा हिंदी ही है। राजभाषा, राष्ट्रभाषा और संपूर्ण देश की संपर्क भाषा के रूप में हिंदी के विकास से देश का चहुंमुखी विकास होगा । देश की प्रगति और विकास के लिए यह जरूरी है कि देश के सभी नागरिक एक साथ चलें, एक होकर चलें और एकता के लिए एक भाषा अपनाएं । देश के विकास में सभी नागरिकों का योगदान लेने के लिए उनको एक भाषा के माध्यम से जोड़ना जरूरी है। भारत के पास भारी सख्या में जनशक्ति मौजूद है जिसमें अनेक प्रतिभाशाली व्यक्ति है जिन्हें यदि उनकी भाषा का माध्यम प्रदान किया जाए तो वे देश की प्रगति में बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। आज हिंदी भाषा अन्य भाषाओं की तरह तेज़ी से विकास कर रही है। कंप्यूटर में युनिकोड के आगमन के बाद अब हिंदी में काम करने संबंधी कोई तकनीकी समस्या आड़े नहीं आती। साथ ही, गूगल द्वारा स्पीच टूल के आने के बाद अब बोलकर भी हिंदी में टाइप किया जा सकता है। तो साथियों, आइए हम सभी आज यह आहवान करें कि इन तकनीकों का उपयोग करते हुए अपना समस्त कार्य हिन्दी में करेंगे और हिंदी में काम करते हुए गौरव का अनुभव करेंगे।

हिंदी पखवाड़ा-2022 के अवसर पर टीसीआईएल के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से मेरा आग्रह है कि कार्यालय का अधिक से अधिक कामकाज मूल रूप से हिंदी में करें और यह सुनिश्चित करें कि हम पूरे वर्ष हिंदी में काम करते रहें ताकि भविष्य में हिंदी को उसका गौरवमयी स्थान दिलाने के लिए हमें हिंदी पखवाड़े पर ही निर्भर न रहना पड़े।

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि टीसीआईएल के सभी कर्मचारी आज यह दृढ़ निश्चय करेंगे कि वे अपना कामकाज सरल हिंदी में ही करेंगे।

जयहिंद ।

संजीव कुमार

(संजीव कुमार)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रति: टीसीआईएल के सभी अधिकारी/कर्मचारी

राष्ट्रीय : National : टेलीफोन : Telephone : 011-26202020 फैक्स : Fax : 011-26242266 वेबसाइट : Website : http://www.tcil-india.com ई-मेल : E-mail : tcil@tcil-india.com
अंतरराष्ट्रीय: International : टेलीफोन : Telephone : +91-11-26202020 फैक्स : Fax : +91-11-26242266 वेबसाइट: Website : http://www.tcil-india.com ई-मेल : E-mail : tcil@tcil-india.com
हम पढ़ें सभी भाषाओं को, अपनी हिंदी का मान करें, सम्मान बढ़ाएं भारत का, आओ हिंदी में काम करें ।